StudentBounty.com

**GULF SAHODAYA(SAUDI CHAPTER) EXAMINATION 2013**

**Subject: Hindi Course B** **Class – IX**

**Time: 3 hours** **Maximum Marks : 90**

**Total Number of Pages: 13**

---

**निर्देश :**

**(1)इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं-क ख ग घ |**

**(2)चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है|**

**(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए |**

## खंड - क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **( 1x5)**

संसारमेंदोअचूकशक्तियाँ हैं- वाणीऔरकर्म|कुछलोगवचनसे संसार को राह दिखाते हैं | और कुछ लोग कर्म से | शब्द और आचार दोनों हीमहान शक्तियाँ हैं| शब्द की महिमा अपार है| विश्व में साहित्यकला, विज्ञान, शास्त्र ,सब शब्द-शक्ति के प्रतीक प्रमाण हैं| पर कोरे शब्द व्यर्थ होतेहैं, जिनका आचरण न हो| कर्म के बिना वचन,व्यवहार के बिना सिद्धांत की कोई सार्थकता नहीं है|

निस्संदेह शब्द -शक्ति महान है|पर चिरस्थायी औरसनातनीशक्तितोव्यवहारहै|महात्मागाँधीने इनदोनोंकीकठिनऔर अदभुत साधना की थी|महात्माजी का सम्पूर्ण जीवन उन्हीं दोनों से युक्त था। वे वाणी और व्यवहार में एक थे।जो कहते थे वही करते थे।यही उनकी महानता का रहस्यहै। कस्तूरबा ने शब्द की अपेक्षा कृति की उपासना की थी, क्योंकि कृति का उत्तम व चिरस्थायी प्रभाव होता है।'बा' ने कोरी शाब्दिक शास्त्रीय सैद्धान्तिक शब्दावली नहीं सीखी थी। वे तो कर्म की उपासिका थीं। उनका विश्वास शब्दों की अपेक्षा कर्मों में था।वे जो कहा करती थीं,उसे पूरा करती थीं।वे रचनात्मक कर्मों को प्रधानता देती थीं।इसी के बल पर उन्होंने अपने जीवन में सार्थकता और सफलता प्राप्त की|

(क) उपरोक्त अनुच्छेद का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक होगा -

i. वाणी और कर्म

ii. निष्ठामूर्ति कस्तूरबा

iii. महात्मा गाँधी

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

iv. कस्तूरबा और गाँधी

(ख) प्रायः सज्जन व्यक्ति संसार को राह दिखाते हैं-

i. अपनी कार्य कुशलता से

ii. अपनी सेवा भावना से

iii. अपने कर्म एवं वाणी से

iv. प्रत्येक व्यक्ति की मदद करने की भावना से

(ग) गाँधी जी की महानता यह थी कि वे -

i. जो कहते थे वही करते थे

ii. सदैव गरीबों की मदद करते थे

iii. सदैव हिंसा से अपने आप को दूर रखते थे

iv. सदैव सत्य का सहारा लेते थे

(घ) 'कठिन' शब्द का विलोम अर्थ है -

i. जटिल

ii. आसान

iii. साधारण

iv. नम्र

(ड.) 'शाब्दिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -

i. एक

ii. इक

iii. ईक

iv. क

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5)**

जब तुम साफ रात्रि में आकाश की ओर देखते होगे तो तुम्हें दूर-दूर तक हजारों तारे टिमटिमाते हुए दिखाई देते होंगे। उन्हें देखकर लगता है की जैसे किसी ने उन्हें आकाश की काली पृष्ठभूमि पर चिपका रखा है।कई बार तुम्हें आश्चर्य हुआ होगा कि वे हर रात एक ही जगह पर कैसे बने रहते हैं,गिर क्यों नहीं जाते। रोचक तथ्य तो यह है कि तारे वास्तव में एक जगह स्थिर नहीं रहते हैं।जिस प्रकार पृथ्वी तथा अन्य आठ ग्रह सूर्य के चारों ओर अपने -अपने पथ पर चलते रहते हैं,वे भी उसी प्रकार अपने पथ पर धीरे -धीरे चलते रहते हैं। तुम्हें लगता है कि तारे एक ही जगह स्थिर हैं,क्योंकि तुम उन्हें चलते हुए नहीं देख सकते हो। इसका कारण

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

यह है कि वे हमसे हजारों -हज़ार किलोमीटर दूर हैं। जब वे चलते हुए भी होते हैं तब भी ऐसा लगता है कि वे एक ही जगह पर स्थिर हैं।इसके अतिरिक्त एक शक्ति है जिसे हम गुरुत्वाकर्षण शक्ति कहते हैं ,जिसके कारण चलते समय भी तारे अपने पथ पर बने रहते हैं।वह उनको एक दूसरे-से टकराने से बचाती है।

(क) साफ़ रात्रि में आकाश की ओर देखने पर तुम्हें दिखाई देता है,कि

i. तारे एक पथ पर धीरे -धीरे चल रहे हैं
ii. ग्रह अपने पथ पर चल रहे हैं
iii. दूर आकाश में तारे टिमटिमा रहे हैं
iv. तारे एक दूसरे के बहुत पास दिखाई दे रहे हैं

(ख) इस गद्यांश में किस रोचक तथ्य का उल्लेख किया गया है ?

i. तारे आकाश में चिपका दिए गए हैं
ii. तारे एक जगह स्थिर नहीं हैं
iii. ग्रह सूर्य के इर्द -गिर्द घूमते हैं
iv. गुरुत्वाकर्षण शक्ति तारों को अपने स्थान पर स्थिर रखती है

(ग) हम तारों को चलते हुए नहीं देख सकते,क्योंकि

i. वे हमसे दूर हैं
ii. वे टिमटिमाते हैं
iii. गुरुत्वाकर्षण शक्ति ने उन्हें अपने स्थान पर स्थिर कर दिया है
iv. रात्रि में आकाश साफ़ नहीं होता

(घ) "यह उनको एक -दूसरे से टकराने से भी बचाती है।" इस वाक्य में 'यह' से क्या तात्पर्य है?

i. आकाश
ii. सूर्य
iii. विशाल दूरी
iv. गुरुत्वाकर्षण शक्ति

( ङ.) सूर्य के चारों ओर कौन चक्कर लगाता रहता है?

i. पृथ्वी
ii. चंद्रमा
iii. पृथ्वी तथा आठ अन्य ग्रह
iv. मनुष्य

**3. निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए -(1x5)**

खेत की धरती बने न बंजर,चले न जादू -टोना।
टुकिया दादी ,अन्नो बेटी ,झूम -झूम कर गाएँ

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

पकी फसल को डसने वाले ,सफल नहीं हो पाएँ।
'सत्यमेव जयते' बन -बनके,खाएँ भर -भर दोना।
सुखुवा ,दुखुवा ,गंगू ,मंगू , खुद ही जोतें -बोएँ
अपनी फसल आप ही काटें,और न ज़्यादा रोएँ।
जो खोया सो पाया भईया ,वक्त नहीं अब खोना।
प्रगति पथ पर निर्माणों के,नव स्वर संधानों
समता की सुरसरि के ,सुख को भागीरथ जानो।
स्वर्ग उतर आए धरती पर ,चमके कोना -कोना
मिट्टी से सोना उपजाओ ,इस मिट्टी से सोना।

(क) सफल कौन नहीं हो सकता?

i. पकी फसल को डसने वाले
ii. पकी फसल बोने वाला
iii. पकी फसल रखने वाला
iv. पकी फसल पकाने वाला

(ख) हमें-------------------नहीं खोना चाहिए - काव्यांश के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

i. वक्त
ii. धन
iii. अन्नं
iv. खाना

( ग) सुख को क्या जानना है?

i. भागीरथ
ii. कावेरी
iii. तापती
iv. नर्मदा

(घ) कोना -कोना कब चमकेगा ?

i. जब धरती पर स्वर्ग उतरेगा
ii. जब धरती पर नर्क उतरेगा
iii. जब धरती पर कलयुग उतरेगा

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

iv. जब धरती पर भ्रष्टाचार होगा

(ङ) कवि ने क्या संदेश दिया है ?

i. कवि ने मिटटी से चाँदी उपजाने का संदेश दिया है

ii. कवि ने मिट्टी से सोना उपजाने का संदेश दिया है

iii. कवि ने मिट्टी से अनाज उपजाने का संदेश दिया है

iv. कवि ने मिट्टी से कनक उपजाने का संदेश दिया है

4. **निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए -(1x5)**

रेशमी कलम से भाग्य -लेख लिखने वालों

तुम भी अभाव से कभी ग्रस्त हो रोए हो ?
बीमार किसी बच्चे की दवा जुटाने में ,
तुम भी क्या घरभर पेट बाँधकर सोए हो ?
असहाय किसानों की किस्मत को खेतों में ,
क्या अनायास जल में बह जाते देखा है ?
क्या खाएँगे ?यह सोच निराशा से पागल ,
बेचारों को चीख रह जाते देखा है ?
देखा है ग्रामों की अनेक रंभाओं को ,
जिनकी आभा पर धूल अभी तक छाई है।
रेशमी देह पर जिन अभागिनों की अब तक ,
रेशम क्या? साड़ी सही नहीं चढ़ पाई है।

(क) इस कविता का स्वर है -

i. निराशापूर्ण

ii. चुनौतीपूर्ण

iii. आक्रोश भरा

iv. उलाहना भरा

(ख) 'भाग्यलेख लिखने वालों'से कवि का संकेत है -

i. धनवानों की ओर

ii. नेताओं की ओर

iii. सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की ओर

StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

iv. शासकों और धनिकों की ओर

(ग) 'यह सोच निराशा से पागल ,बेचारों को चीख रह जाते देखा है ?' में संकेत किया गया है -

i. किसानों की ओर

ii. धनिकों की ओर

iii. भिखारियों की ओर

iv. छोटे बच्चों की ओर

(घ) 'रंभा 'शब्द प्रयुक्त हुआ है -

i. ग्रामीण बालिकाओं के लिए

ii. शहरी बालिकाओं के लिए

iii. भाग्यवान बालिकाओं के लिए

iv. अशिक्षित बालिकाओं के लिए

( ङ) 'देह ' शब्द का पर्यायवाची इनमें से कौन -सा नहीं है?

i. शरीर

ii. तन

iii. बदन

iv. वादन

## खंड - ख

5. (क)निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए - **(2)**

संस्कृति , बहुव्रीहि

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रयुक्त उपसर्ग को अलग -अलग करके लिखिए - **(1)**

अत्याचार , अनुभव

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रयुक्त प्रत्यय को अलग -अलग करके लिखिए- **(1)**

खटास , पंजाबी

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के अन्य पर्यायवाची रूप से रिक्त स्थानों की - पूर्ति कीजिए **(2)**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

i. मैं अपनी <u>आँख</u> दिखाने सरकारी ------------- चिकित्सालय में गया।
ii. <u>निशा</u> तुम -----------को देर से सोई थी क्या?
iii. <u>अतिथि</u> आएँ तो ---------------नवाज़ी तो करनी ही पड़ेगी।
iv. क्या <u>पत्थर</u> से बनी यह मूर्ति -----------काल की है?

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - **(2)**

i. <u>असाधारण</u> कार्य को करने के लिए ----------प्रयास ठीक नहीं।
ii. इंग्लैण्ड मैच हार गया ,यह उसका <u>दुर्भाग्य</u> है और भारत जीत गया , यह हमारा -------- है।
iii. अच्छा खाओगे तो ---------रहोगे ,वरना <u>बीमार</u> पड़ जाओगे।
iv. <u>काल्पनिकता</u> को छोड़कर -----------में जीना ही अच्छा है।

7. (क) निम्नलिखित शब्दों को दो -दो भिन्न अर्थों में प्रयोग कीजिए -**(2)**

पूर्व , अर्थ

(ख) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक -एक उपयुक्त शब्द लिखिए -**(2)**

i. जीने की इच्छा
ii. जो पुत्र गोद लिया गया हो
iii. बुरे आचरण वाला
iv. आज्ञा का पालन करने वाला

SCHOOL ARY (GIRLS) DAMMA

8. (क) निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग -अलग करके लिखिए -**(2)**

i. बेईमान कर्मचारी चैन से सो नहीं सकता।
ii. गीतकार रमाकांत 'सरस्वती सम्मान ' से सम्मानित हुए।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलिए - **(2)**

i. बच्चों ने खाना खाया और बाहर खेलने चले गए।
ii. माँ ने बच्चे को दूध दिया और सोने चली गई।

9. (क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए - **(2)**

i. ज्योति ने पूछा क्या हाल है मोहन राधा और सविता कहाँ हैं

StudentBounty.com

ii. महात्मा गाँधी ने कहा करो या मरो

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए -**(2)**

i. आदिवासियों के करतब देखकर मै तो -----------रह गया।

ii. शातिर चोर चोरी करके --------------हो गया।

iii. आपका कहना न मानकर मैंने अपने ही ------------मार दी।

iv. तुममे और तुम्हारी बहन में -----------अंतर है।

## खंड -ग

10. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से ढूंढ़कर लिखिए -

**( 1x5)**

न्यायालय ले गए मुझे वे ,
सात दिवस का दंड विधान
मुझको हुआ ; हुआ था मुझसे
देवी का महान अपमान
मैंने स्वीकृत किया दंड वह
शीश झुकाकर चुप ही रह;
उस असीम अभियोग, दोष का
क्या उत्तर देता , क्या कह ?
सात रोज़ ही रहा जेल में

या कि वहाँ सदियाँ बीतीं ,
अविश्रांत बरसा करके भी
आँखें तनिक नहीं रीतीं।

(क) सुखिया के पिता को न्यायालय क्यों ले जाया गया ?

i. उसने चोरी की थी
ii. उसने माँ की मूर्ति अपवित्र की थी
iii. उसने देवी को अपवित्र किया था
iv. उसने अछूत होने पर भी मंदिर में प्रवेश किया था

( ख) सुखिया पर क्या अभियोग लगाया गया?

i. उसने देवी का घोर अपमान किया

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

ii. उसने देवी का प्रसाद चुराया

iii. उसने माँ की मूर्ति तोड़ी

iv. उसने पुजारी को मार दिया

(ग) सुखिया ने दंड को चुपचाप क्यों स्वीकार कर लिया ?

i. वह लाचार था

ii. उसके पास वकील न था

iii. वह गूँगा था

iv. उसे न्यायालय पर विश्वास नहीं था

(घ) सुखिया के पिता को सात दिन कैसे लगे ?

i. सुखदायी

ii. दुखदायी

iii. बहुत लंबे

iv. बोरियत -भरे

( ङ ) 'आँखें नहीं रीतीं' का आशय स्पष्ट कीजिए -

i. आँखें नहीं भरीं

ii. आँखें नहीं रोईं

iii. आँखें नहीं सूखीं

iv. आँखें ख़राब नहीं हुईं

अथवा

यहीं इस गली में बनती हैं
मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ
इन्हीं गंदे मुहल्लों के गंदे लोग
बनाते हैं केवड़ा गुलाब खस और रातरानी
अगरबत्तियाँ
दुनिया की सारी गंदगी के बीच
दुनिया की सारी खुशबू
रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

(क)- इस कविता में क्या व्यंग्य है

i खुशबू रचने वाले लोग बदबूदार हैं

Ii बदबू और खुशबू का गहरा संबंध है

iii . अगरबत्तियाँ बनाने वाले खुद बदबू में रहते हैं

iv. मजदूर गंदे होते हैं

(ख) गंदे मुहल्लों से क्या आशय है -

i. जहाँ गंदे लोग रहते हैं

ii. जहाँ बदबूदार लोग रहते हैं

iii. जहाँ गन्दगी छाई रहती है

iv. जहाँ आवारा लोग रहते हैं

(ग) गंदे लोग से क्या आशय है -

i. चरित्रहीन लोग

ii. भ्रष्ट नेता

iii. दुष्ट लोग

iv. मैले -कुचैले लोग

(घ) केवड़ा ,गुलाब ,खस और रातरानी किनके नाम हैं ?

i. फूलों के नाम

ii. सुगंधों के नाम

iii. पत्तियों के नाम

iv. पेड़ों के नाम

( ड) 'गंदगी के बीच खुशबू रचते हैं हाथ ' का क्या आशय है ?

i. मजदूर गंदी बस्तियों में अगरबत्तियाँ बनाते हैं

ii. मजदूर गंदगी से खुशबू बनाते हैं

iii. गंदे वातावरण में गुज़र -बसर करके मज़दूर अगरबत्तियाँ बनाते हैं

iv. खुशबू बनाने वाले लोग बहुत गंदे होते हैं

11. पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए- **(3+3)**

(क) लेखक ने अतिथि को जाने का संकेत किन -किन उपायों से दिया ?

(ख) कीचड़ का रंग किन -किन लोगों को खुश करता है ?

( ग) महादेव भाई देसाई गाँधी जी के दिल में बसते थे। उदाहरण के साथ लिखिए।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

12. 'वेंकट रामन भारतीय संस्कृति के प्रति आस्थावान थे।' पाठ के आधार पर इसकी पुष्टि कीजिए। **( 5)**

अथवा

काका कालेलकर ने कवियों की धारणा को वृत्ति -शून्य क्यों कहा है?स्पष्ट कीजिए

13. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

रामन वैज्ञानिक चेतना और दृष्टि की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने हमें हमेशा ही यह सन्देश दिया है कि हम अपने आसपास घट रही विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं की छानबीन एक वैज्ञानिक दृष्टि से करें।तभी तो उन्होंने संगीत के सुर -ताल और प्रकाश की किरणों की आभा के अन्दर से वैज्ञानिक सिद्धांत खोज निकाले। हमारे आसपास ऐसी न जाने कितनी ही चीज़ें बिखरी पड़ी हैं,जो अपने पात्र की तलाश में हैं। ज़रूरत है रामन के जीवन से प्रेरणा लेने की और प्रकृति के बीच छुपे वैज्ञानिक रहस्य का भेदन करने की।

(क) रामन को वैज्ञानिक चेतना और दृष्टि की साक्षात् मूर्ति क्यों कहा गया है? **(1)**

(ख) रामन ने हमें क्या सन्देश दिया है ? **(2)**

(ग)आज आवश्यकता किस बात की है ? **(2)**

अथवा

देश की स्वाधीनता के लिए जो उद्योग किया जा रहा था ,उसका वह दिन निस्संदेह ,अत्यंत बुरा था,जिस दिन स्वाधीनता के क्षेत्र में खिलाफ़त,मुल्ला ,मौलवियों और धर्माचार्यों को स्थान दिया जाना आवश्यक समझा गया।एक प्रकार से उस दिन हमने स्वाधीनता के क्षेत्र में ,एक कदम पीछे हटकर रखा था।अपने उसी पाप का फल आज हमें भोगना पड़ रहा है। देश को स्वाधीनता के संग्राम ही ने मौलाना अब्दुल बारी और शंकराचार्य को देश के सामने दूसरे रूप में पेश किया,उन्हें अधिक शक्तिशाली बना दिया और हमारे इस काम का फल यह हुआ कि इस समय,हमारे हाथों ही से बढाई इनकी और इनके से लोगों की शक्तियाँ हमारी जड़ उखाड़ने और देश में मज़हबी पागलपन ,प्रपंच और उत्पात का राज्य स्थापित कर रही हैं।

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? **(1)**

(ख) मुल्ला, मौलवियों और धर्माचार्यों के कारण क्या प्रभाव पड़ा ? **(2)**

( ग) आज हमें क्या फल भोगना पड़ रहा है? **(2)**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए - (3x3)

(क) 'एक फूल की चाह ' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

( ख) प्रेमी जब गता है तो प्रेमिका की क्या इच्छा होती है ? 'गीत- अगीत कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'अग्नि पथ ' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) नए इलाके में मनुष्य को किस समस्या का सामना करना पड़ता है ?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए - (3+3)

( क) धर्मवीर भारती को पुस्तक-संग्रह करने की आदत कैसे पड़ी ?

(ख) हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहींहो रहा था?क्यों ?

(ग) वल्लभभाई पटेल की गिरफ्तारी पर लोगों ने क्या प्रतिक्रिया की ?

**16.मूल्यपरक प्रश्न** **(4)**

' हामिद खाँ ' पाठ के माध्यम से लेखक ने हमें क्या शिक्षा देनी चाही है ?

**अथवा**

'दिये जल उठे' पाठ के द्वारा यह कैसे सिद्ध होता है कि -कैसी भी कठिन परिस्थिति हो , उसका सामना तात्कालिक सूझ -बूझ और आपसी मेल -जोल से किया जा सकता है? अपने शब्दों में लिखिए।

## खंड -घ

17. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - **( 5)**

**( क ) वसंत ऋतु -**

**संकेत बिंदु :**

- भारतीय ऋतुएँ
- सभी ऋतुओं का अपना महत्त्व
- वसंत ऋतु की शोभा

**(ख( बच्चों पर बढ़ता बस्ते का बोझ**

**संकेत बिंदु :**

- शिक्षा व्यवस्था का स्वरुप
- कक्षाकार्य और गृहकार्य
- बोझ कम करने के सुझाव

**(ग) कंप्यूटर : आज की जरुरत**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

**संकेत बिंदु :**

- आज कंप्यूटर की बढ़ती आवश्यकता
- विश्व -भर की जानकारी देने का साधन
- बड़ी ही सावधानी से इसका प्रयोग

18.पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें छात्रावास के अनुभवों का वर्णन हो। **( 5)**

**अथवा**

मित्र को बोर्ड की परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई -पत्र लिखिए।

*********************



StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers